न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) बांसवाड़ा (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी – नरेश बुनकर, RAS

अतिरिक्त जिला कलक्टर, बांसवाड़ा
प्रकरण संख्या : 58/2022
रजिस्ट्रेशन नं. :2022/75

अभियुक्त :–

राजस्थान राज्य जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज)	बनाम	श्री जनक पुत्र बापुलालजी गुर्जर मैसर्स – महादेव दुध डेयरी, बाहुबली कोलोनी, बॉसवाडा

अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

निर्णय

दिनांक 03.01.2023

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि श्री दिलीप सिंह यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **28–09–2022** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **29–08–2022** को 2.00 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जॉच हेतु **महादेव दुध डेयरी, बाहुबली कोलोनी, बॉसवाडा** पर पहुंचा। इस समय संस्थान पर **श्री जनक पुत्र बापुलालजी गुर्जर** उपस्थित थे। विक्रेता की दुकान का निरीक्षण करने पर फ्रिजर में **लगभग 30–35 लीटर मिक्स दुध** आम जनता को विक्रय हेतु पाया। इसमें मिलावट का शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर पर सूचना देते हुए **आम जनता को बिक्री हेतु रखे मिक्स दुध मे से हिला मिला कर 2 लीटर** वास्ते नमुना जॉच हेतु साफ, सुखी एवं खाली स्टील के भगोने में खरीदा तथा इनकी कीमत 100 रु. विक्रेता को चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक की। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **2 लीटर मिक्स दुध** को चार साफ खाली कॉच की की शीशी में बराबर–बराबर मात्रा में भरकर फार्मेलीन की 40–40 बूंद प्रत्येक मे डालकर शीशी का मुह ढक्कन की सहायता से कसकर एयर टाईड बन्द कर नियमानुसार सील बन्द किया। उक्त चार नमुना भागो में से एक नमूना भाग मय फार्म नं. 6 की प्रति आउटकवर में सील बन्द कर सील मोहर कर जांच हेतु अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं [illegible] बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को [illegible] या।

अभिहित अधिकारी [illegible] अधिकारी, बॉसवाडा [illegible] पत्रांक एफ.एस.एस.ए/2022/305–306 [illegible] 2022 एवं खाद्य विश्लेषक [illegible]

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Bunkar
Date: 2023.01.05 12:53:14 IST
Reason: SelfAttested

[illegible] 'ए' प्राप्त करना है ________

(ब) तारीख जिस पर कि हिस्सा 'ए' तलफ किया गया ________

Scanned with Oken Scanner

स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 764 दिनांक 12.09.2022 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया **मिक्स दुध** का नमुना Sub-standard food under section 3(1)(ZX) of food safety and standards Act 2006 पाया गया। विक्रेता द्वारा सब स्टेण्डर्ड पाये गये **मिक्स दुध** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 28–11–2022 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपी को जरिये समन तलब किया गया।

दिनांक 03.01.2023 को अभियुक्त **श्री जनक पुत्र बापुलालजी गुर्जर** ने न्यायालय में उपस्थित होकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अपना अपराध स्वीकार कर निवेदन किया कि न्यायालय जो भी जुर्माना करे, वह स्वीकार है। प्रकरण में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार कर लेने के कारण अन्य किसी साक्ष्य की अब आवश्यकता नहीं रहती है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं अभियुक्त को सुना। पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखों का भी गहनता पूर्वक अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए/2022/305–306 दिनांक 16.09.2022 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 764 दिनांक 12.09.2022 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया **मिक्स दुध** का नमुना Sub-standard food under section 3(1)(ZX) of food safety and standards Act 2006 पाया गया है। प्रकरण में अभियुक्तगण द्वारा स्वयं अपराध स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति में अब किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती हैं। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(ZX) के तहत सबस्टैण्डर्ड किया **मिक्स दुध** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 51 के तहत दण्डनीय अपराध कारित किया है। आरोपी को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर **श्री जनक पुत्र बापुलालजी गुर्जर मैसर्स – महादेव दुध डेयरी, बाहुबली कोलोनी, बॉसवाडा 10,000/– (अक्षरे रू दस हजार मात्र)** के अर्थ दण्ड से दण्डित किया जाता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Bunkar
Date: 2023.01.05 12:53:14 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with Oken Scanner

में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा आरोपी को जुर्माना राशि का चालान जमा कराने पाबंद करे तथा जमा राशि का चालान प्राप्त कर प्रति इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक 03.01.2023 खुले न्यायालय सुनाया गया।

नरेश 03/01

(नरेश बुनकर)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Naresh Bunkar
Date: 2023.01.05 12:53:14 IST
Reason: SelfAttested

तारीख जिस पर कि हिस्सा 'ए' तलफ किया गया

Scanned with Oken Scanner